भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग
पुराना मिंटो रोड़, जाकिर हुसैन कॉलेज के पास
नई दिल्ली – 110002

सत्यमेव जयते

भादूविप्रा TRAI

संख्या 1–04/2021–प्रशासन एवं कार्मिक दिनांक : 11 जून, 2021

प्रेषितिः–

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग,
केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय
(संलग्न सूची के अनुसार : मेल द्वारा)

विषयः भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में अन्यत्र (फॉरेन) सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर सलाहकार के पद को भरने हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रण करने के सबंध में – *आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि का विस्तार*।

महोदय ,

उक्त विषयक भादूविप्रा के सम संख्यक पत्र दिनांक 15 मई, 2021 का सदर्भ लें, जिसके अन्तर्गत भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने अपने भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रारंभ में **तीन (3)** वर्षों के लिए अन्यत्र (फॉरेन) सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर सलाहकार के पद को भरने का प्रस्ताव आमंत्रित किया है। पद के लिए योग्यता एवं अनुभव आदि के विवरण नीचे दिए गए हैंः–

पद का नाम	वेतनमान/पे लेवल	पात्रता की शर्तें	अनिवार्य योग्यता
सलाहकार	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार, पे मैट्रिक्स में पे लेवल – 14 (144200.218200 रु.) एवं सरकारी नियमों के अनुसार अन्य भत्ते जैसे डीए, एचआरए आदि। ***(संशोधन पूर्व पीबी–4 37400. –67000+10000रु.ग्रेड पे)***	केन्द्र सरकार, सावर्जनिक क्षेत्र के उपक्रम और सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय के अधिकारीः 1) जो समकक्ष पद पर कार्यरत हैं **या** 2) सलेक्षन ग्रेड में कार्यरत अधिकारी जिन्होंने उक्त ग्रेड़ में चार वर्श की नियमित सेवा की है। **या** 3) समूह क में सत्रह वर्ष की नियमित सेवा वाले समूह 'क' अधिकारी, जिसमें से कम से कम चार वर्ष की नियमित सेवा सलेक्षन ग्रेड़ में होनी चाहिए।	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से व्यवसाय प्रशासन/अर्थशास्त्र/वाणिज्य/इंजीनियरिंग/विधि/विज्ञान/मानविकी में स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री या भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान/भारतीय लागत एवं निर्माण लेखाकार संस्थान (आईसीडब्ल्यूएआई) की सदस्यता एवं संबंधित क्षेत्र में वांछनीय अनुभव।

क्रमशः......पृ/2

2. यह नियुक्ति अन्यत्र (फॉरेन) सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जाएगी और यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17 जून, 2010 के का.ज्ञा. संख्या 6/8/2009–स्थापना (पे II) और इसमें समय–समय पर किए गए संशोधन के अधीन होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु भादूविप्रा में आवेदन करने की अंतिम तिथि पर अधिकतम आयु किसी भी मामले में **56** वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाएं, उनके चयन के मामले में तुरंत प्राधिकरण के अधीन शामिल की जा सकती हैं, की पिछली पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की सत्यापित प्रतियों और सतर्कता/अनुशासनिक क्लीयरेंस सहित निर्धारित प्रोफॉर्मा *(इसे भादूविप्रा की वेबसाइट **www.trai.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है)* में आवेदन अग्रेषित करने का अनुरोध किया जाता है। आवेदक द्वारा लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखकर वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (पुराना मिंटो रोड़), जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली – 110002 को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

4. आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि को 05 जुलाई, 2021 तक बढाया गया है।

5. यदि उपरोक्त हिन्दी संस्करण में त्रुटि पाई जाती है, तो इस मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

भवदीय,

(विनय कुमार गोयल)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्रशासन एवं कार्मिक)
टेली.: 011–23664–213

प्रतिलिपिः–

1. विकाधि, अध्यक्ष, भादूविप्रा का कार्यालय
2. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव/सदस्य, भादूविप्रा
3. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव, भादूविप्रा
4. सभी प्रधान सलाहकार/सलाहकार (मुख्यालय) एवं (क्षेत्रीय कार्यालय), भादूविप्रा
5. जेए (आईटी) – इसे भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ
6. निदेशक (सीएस प्रभाग), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोक नायक भवन, नई दिल्ली – इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ
7. नोटिस बोर्ड